संख्या-41015/2/2019-बीसी.III
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
'ए' विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली-110115

दिनांक: 30.01.2020

सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल,
सभी निजी एफएम रेडियो चैनल,

विषय: महिला सुरक्षा/संकटग्रस्त व्यक्तियों के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस) का शुभारंभ - के संबंध में।

सरकार ने 19 फरवरी, 2019 को महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस) प्रारंभ की है। ईआरएसएस सहायता की आवश्यकता वाले संकटग्रस्त व्यक्तियों के लिए एक अखिल भारतीय एकल नंबर (112) आधारित प्रतिक्रिया प्रणाली है। यह 112 इंडिया मोबाइल ऐप का भी प्रावधान करता है। यह 28 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रचालनरत है। यह सरकार की एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है, जो भारत को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने में काफी सहायता करेगी। तथापि, इस पहल के बारे में जनता के बीच जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता है ताकि जनता, विशेषकर संकटग्रस्त महिलाएं, इन सेवाओं का लाभ उठा सकें।

2. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सार्वजनिक हित में संदेश पहुंचाने में सदा सबसे आगे रहा है क्योंकि यह देश भर के लोगों तक पहुंचने का एक शक्तिशाली उपकरण है। उक्त पहल को पर्याप्त तरीके से प्रचारित करने के लिए, यह महसूस किया गया है कि प्राइवेट टीवी चैनलों और एफएम रेडियो चैनलों का समर्थन और सहायता बहुत उपयोगी सिद्ध होगा।

3. मामले के महत्व को ध्यान में रखते हुए, प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों और प्राइवेट एफएम रेडियो चैनलों से अनुरोध है कि वे उक्त पहल (ईआरएसएस) को पर्याप्त प्रचार दें और सार्वजनिक हित में टीवी चैनलों पर स्क्रॉल संदेश भी चलाएं। नमूना स्क्रॉल संदेशों का पाठ अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

(अमित कटोच)
निदेशक (बीसी)

दूरभाषः 2338 6394

1. सुश्री एनी जोसेफ, महासचिव, न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन, मैनटेक हाउस, दूसरी मंजिल, सी-56/5, सेक्टर 62, नोएडा - 201301

2. श्री आशीष सिन्हा, महासचिव, प्रसारण सामग्री शिकायत परिषद (बीसीसीसी), बी-304, तीसरी मंजिल, अंसल प्लाजा, अगस्त क्रांति मार्ग (खेलगांव मार्ग), नई दिल्ली

3. श्री उदय चावला , एसोसिएशन ऑफ रेडियो ऑपरेशंस फॉर इंडिया (एआरओआई), 304, कॉम्पीटेंट हाउस, एफ-14, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

<u>अनुलग्नक - नमूना संदेश</u>

अंग्रेजी

01. "Call Emergency number 112 for help in distress. Service available presently available in 28 States/UTs. Also download '112 India' Mobile App

02 "Help available with press of a button Dial 112 and download '112 India Mobile App for free."

हिंदी

01 'संकट के समय मदद के लिए आपातकालीन नंबर 112 पर कॉल करें। वर्तमान में 28 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में सेवा उपलब्ध । '112 इंडिया' मोबाइल ऐप को भी डाउनलोड करें।"

02 एक बटन के दबाने मात्र से मदद उपलब्ध । 112 डायल करें और '112 इण्डिया मोबाइल ऐप निः शुल्क डाउनलोड करें।"